सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– 134
05/02/2026

बिहार अनुसूचित जनजाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य सुदृढ़ीकरण हेतु विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

पटना 05 फरवरी, 2026 :– अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, बिहार सरकार के अंतर्गत बिहार अनुसूचित जनजाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (BSTRI), पटना द्वारा जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से संचालित केंद्रीय प्रायोजित योजना (CSS) Support to TRI के के अंतर्गत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जनजाति के दो आवासीय विद्यालय – एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, झाझा (जिला–जमुई) एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय, ताराकुरा, चांदन (जिला–बांका) में 05 फरवरी 2026 को प्रातः 9रू30 बजे से किशोरी बालिकाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

इस स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य किशोरी बालिकाओं में एनीमिया, कुपोषण, विटामिन एवं मिनरल्स की कमी, संक्रमण, मासिक धर्म संबंधी समस्याओं तथा सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान कर समयबद्ध उपचार सुनिश्चित करना है। शिविर का आयोजन NFHS के प्रमुख किशोरी स्वास्थ्य संकेतकों के अनुरूप किया गया।

यह स्वास्थ्य शिविर, जिला स्वास्थ्य कार्यालय बांका एवं जमुई के सहयोग से आयोजित की गयी, जिसमे कुल २४० किशोरियों ने भाग लिया। शिविर में आवश्यक दवाएं एवं चिकित्सा सामग्री जिनमें प्रमुख रूप से विटामिन बी कॉम्प्लेक्स एवं विटामिन बी–12, विटामिन डी, आयरन, फोलिक एसिड, पोविडोन आयोडीन, ओआरएस एवं जिंक टैबलेट, मिकोनाजोल, एल्बेंडाजोल उपलब्ध कराई गई।

स्वास्थ्य शिविर के अंतर्गत किशोरी बालिकाओं की स्वास्थ्य जांच, ऊँचाई–वजन मापन, हीमोग्लोबिन जांच, एनीमिया स्क्रीनिंग, पोषण मूल्यांकन, सामान्य रोगों का उपचार, आवश्यक दवाओं का वितरण एवं चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। इन चिकित्सा घटकों का उद्देश्य किशोरियों में पोषण संबंधी कमियों को दूर करना तथा उनके समग्र स्वास्थ्य स्तर में सुधार लाना है।

स्वास्थ्य शिविर के दौरान प्रत्येक किशोरी छात्रा को व्यक्तिगत उपयोग हेतु स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से संबंधित किट एवं सामग्री भी उपलब्ध कराई गई। इस किट में जूट पाउच बैग, कॉटन बॉल्स, डिस्पोजेबल ग्लव्स, आवश्यक प्राथमिक चिकित्सा सामग्री एवं चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार दवाएं सम्मिलित रहीं।

इस पहल का उद्देश्य छात्राओं में व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता तथा प्राथमिक उपचार की समझ विकसित करना है।

शिविर के साथ–साथ संबंधित विद्यालय को भी आवश्यक मेडिकल उपकरणों की किट उपलब्ध कराई गई, ताकि भविष्य में विद्यालय स्तर पर नियमित स्वास्थ्य जांच एवं प्राथमिक उपचार की सुविधा सुदृढ़ हो सके। इस किट में वजन मापने की मशीन, ऊँचाई मापने का स्केल, डिजिटल थर्मामीटर, डिजिटल बीपी मॉनिटर, हीमोग्लोबिन जांच स्ट्रिप्स, पीक फ्लो मीटर, ऑक्सीमीटर, नेबुलाइजर, बर्न एवं पेन ऑइंटमेंट, क्रेप बैंडेज सहित अन्य आवश्यक प्राथमिक उपचार सामग्री सम्मिलित है।

शिविर के सफल संचालन हेतु महिला चिकित्सकध्स्त्री रोग विशेषज्ञ, स्टाफ नर्स, लैब तकनीशियन एवं काउंसलर की विशेषज्ञ टीम द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। बिहार अनुसूचित जनजाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, पटना एवं जिला प्रशासन के पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम की सतत निगरानी की गई।

यह स्वास्थ्य शिविर किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण, आत्मविश्वास एवं सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे उन्हें स्वस्थ, जागरूक एवं सशक्त भविष्य की ओर अग्रसर किया जा सकेगा।

———————————